9 **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री संतोष कुमार गंगवार)**: (क) जी,हां।

(ख) और(ग) बिहार में खुदरा बिक्री केन्द्रों पर घटिया और अपमिश्रित डीजल/पेट्रोल की बिक्री के बारे में पिछले दो वर्षो के दौरान अभी तक दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं जो नीचे दी गई हैं;

| क्र.सं. | खुदरा बिक्री केन्द्र का नाम | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | हैपी सर्विस स्टेशन,गिरिडीह | एस/एच एस डी के नमूने लिए गए और प्रयोगशाला में उनका परीक्षण किया गया। एम एस निर्धारित विनिर्देश से भिन्न पाया गया। विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के अनुसार कारण बताओं नोटिस जारी करके और 10000 रूपये के अर्थदण्ड सहित 15 दिन के लिए बिक्रियां और आपूर्तियां स्थगित करके कार्रवाई की गई |
| 2. | मैसर्स ताराकांत ठाकुर रामाश्रय चौधरी,सुपौल,दरभंगा | एक औचक निरीक्षण किया गया और एच एस डी का एक नमूना लिया गया तथा प्रयोगशाला में उसका परीक्षण किया गया। नमूना निर्धारित विनिर्देशों पर खरा उतरा। |

## दिल्ली में रसोई गैस कनेक्शन के लिए प्रतीक्षा सूची

981.**श्री ईश दत्त यादव**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में इस समय रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार इस प्रतीक्षा सूची को कब तक पूरा करने का विचार रखती है ;और

(ग) 31 मार्च,1999 तक दिल्ली में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये क्या लक्ष्य रखा गया है?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री संतोष कुमार गंगवार)**: (क) 1-4-1998 की स्थिति के अनुसार दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की तेल कम्पनियों के पास प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या लगभग 7.11 लाख थी।

(ख) आवेदकों को यथाशीघ्र एल पी जी कनेक्शन देने के प्रयास निरन्तर जारी हैं। वर्तमान उत्पादन स्रोतों की क्षमता में वृद्धि करके,नए संयंत्रों की स्थापना करके और विद्यमान तथा नई सुविधाओं के माध्यम से अधिक आयात द्वारा एल पी जी की अधिक उपलब्धता के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। पूरे देश में 2001-02 तक सारी प्रतीक्षा सूची निपटाने की योजना बनाई गई हैं।

(ग) एल पी जी कनेक्शन राज्य-वार आधार पर जारी नहीं किए जाते। नए एल पी जी कनेक्शन एल पी जी की उपलब्धता,एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास उपलब्ध स्लेक और उनकी व्यवहार्यता के आधार पर दिल्ली सहित पूरे देश में प्रतीक्षा सूची के प्रति चरणबद्ध ढंग से जारी किए जाते हैं।

## Setting up of Oil Refinery near Paradip Port

982. SHRI NARENDRA PRADHAN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to set up an oil refinery near Paradip Port; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINSITER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) and (b) IOC has a proposal to set up a 9 MMTPA refinery near Paradip in Orissa in Joint Venture with Kuwait Petroleum Corporation (KPC), at an estimated cost of Rs. 8074 crores including foreign exchange component of Rs. 2396 crores (December 1997 prices). The IOC equity contribution in the project would be 26%. The proposal was considered in the PIB Meeting held on 29th May, 1998.

Government has also given an LOI to Ms. Ispat Industries Limited to set up a

9 MMTPA refinery project and 2 MMTPA lube refinery by M/s. Ashok Ley land near Paradip.

**Supply of cooking gas through pipelines**

983. SHRI VEDPRAKASH P. GOYAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have any scheme to supply cooking gas to consumers through pipelines in four metropolitan and other major cities in the country;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor and whether now it would be taken up?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) gas Authority of India Ltd. (GAIL) has schemes for supplying natural gas through pipelines for cooking purposes in Mumbai and Delhi.

(b) and (c) GAIL has formed a joint venture company with M/s British Gas to distribute natural gas to the domestic, commercial and industrial sector in Mumbai. In respect of Delhi, GAIL has implemented a pilot project for providing connections to 1200 houses in selected areas of Delhi. Supply of natural gas for cooking purposes has not been planned for the other metropolitan and major cities for want of availability of natural gas in these areas.

**रसोई गैस कनेक्शन जारी किया जाना**

984.**श्री राघवजी**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान राज्य-वार रसोई गैस के कितने नये कनैक्शन जारी किये गये हैं तथा कितने गैस कनैक्शनों के मामले में डी.बी.सी.प्रदान की गई है

(ख) 31 मार्च,1998 की स्थिति के अनुसार राज्य-वार कितने-कितने आवेदक प्रतीक्षा सूची में हैं;

(ग) प्रत्येक राज्य में ऐसे आवेदकों की संख्या कितनी है जिन्होंने गैस कनैक्शन के लिये 1 अप्रैल,1993 से पूर्व आवेदन किया था लेकिन जिनको अभी तक यह सुविधा प्रदान नहीं की गई है; और

(घ) इन मामलों के शीघ्र निपटान के लिये सरकार क्या कदम उठा रही हैं?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**(**श्री संतोष कुमार गंगवार**): (क) से(ग) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।(**नीचे देखिए**) ।

(घ) आवेदकों को यथाशीघ्र एल पी जी कनैक्शन जारी करने के प्रयास जारी हैं । मौजूदा उत्पादन स्रोतों की क्षमता बढ़ाकर,नए संयंत्र स्थापित करके और वर्तमान एंव नई सुविधाओं के माध्यम से अधिकाधिक आयात करके एल पी जी के अधिकाधिक उपलब्धता की योजनाएं तैयार की गई हैं । डिस्ट्रीब्यूटरों द्वारा नए कनैक्शन प्रतीक्षासूचीबद्व आवेदकों की वरिष्ठता के आधार पर जारी किए जाते हैं ।

**विवरण**

| राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | पंजीकरण 1997-87 (लाख में) | डी बी सी 1997-98 (लाख में) | 1.4.98 को प्रतीक्षा सूची(लाख में ) | 1.4.93 से पहले की प्रतीक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 2.72 | 2.98 | 10.99 | 219665 |
| अंडमान और निकोबार | 0.01 | 0.01 | 0.13 | 5718 |
| असम | 0.6 | 0.57 | 2.08 | 7553 |
| अरूणाचल प्रदेश | 0.13 | 0.07 | 0.11 | 0 |
| बिहार | 0.71 | 1.02 | 4.89 | 66832 |
| चंडीगढ़ | 0.17 | 0.17 | 079 | 23448 |